तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **हेम राज** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार कुडी भगतासनी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353118011882142	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/03/25	अपीलार्थी हेम राज निवासी 10, कोजाराम वार्ड नंबर 13, स्कूल के पास, रुडकली, पिथावास, मंडोर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 21.01.2025 को खसरा सं 513 व 514 खाता सं. नया 6 व पुराना खाता सं. 7 काश्तकार कोजाराम पुत्र धर्माराम सरगरा से दर्ज है, पटवार हल्का पलासनी की ग्राम सेवालों की दाणी में दर्ज है, उक्त कृषि भूमि की मिसल से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, कुडी भगतासनी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, कुडी भगतासनी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष उपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, कुडी भगतासनी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, कुडी भगतासनी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.03.[illegible]2:52:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14336403